**हिन्दी (सामान्य) 2012**

कक्षा : 12वीं

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (2) प्रत्येक प्रश्न के लिये आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। (3) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए। (4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये (5x5=25) एक-एक अंक निर्धारित है। (5) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 में प्रत्येक के लिये 4 अंक निर्धारित हैं। (6) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 में प्रत्येक के लिये 5 अंक निर्धारित हैं। (7) प्रश्न क्रमांक 21 के लिये दस अंक निर्धारित हैं।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए:

(1) 'मेरे सपनों का भारत' के लेखक .......... हैं। (डा. अब्दुल कलाम/अब्दुल रहमान)

(2) पर्वतराज ........... बताया गया है। (अरावली पर्वत को/ हिमालय पर्वत को)

(3) चक्रव्यूह में ............... फँसा था। (अर्जुन/अभिमन्यु)

(4) गुरूता का ज्ञान........ अपेक्षित है। (जीवन जीने के लिये/जीवन में प्रेरणा के लिये)

(5) सूरदास.......... अनन्य भक्त थे। (श्रीराम के/श्रीकृष्ण के)

प्रश्न 2. . निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प चुनिये:

(1) 'ठेस' कहानी के कहानीकार हैं:

(क) फणीश्वर नाथ 'रेणु' (ख) प्रेमचन्द (ग) जयशंकर प्रसाद (घ) जैनेन्द्र कुमार

(2) 'जागो फिर एक बार' कविता में ....... का भाव निहित है।

(क) राष्ट्रीय नवजागरण (ख) राष्ट्रीय एकता (ग) राष्ट्रीय भाषा (घ) राष्ट्रीय भक्ति

(3) नवरत्न में समास है:

(क) अव्ययीभाव (ख) द्विगु (ग) द्वन्द्व (घ) तत्पुरूष

(4) सिद्धार्थ के त्याग को देखकर किसने अपना क्या त्यागा?

(क) पेड़ों ने पत्ते (ख) बादलों ने वर्षा (ग) पक्षियों ने उड़ना (घ) चन्द्रमा ने चांदनी

(5) कवि किससे वरदान की अपेक्षा करता है?

(क) माँ से (ख) गुरू से (ग) प्रभु से (घ) भाई से

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिये:

(1) - गाँधीजी ने पत्र पुत्र के नाम लिखा। (सत्य/असत्य)

(2) जीवन की सार्थकता लेने के भाव में है। (सत्य/असत्य)

(3) सच्चा मित्र वही है जो संकट में साथ देता है। (सत्य/असत्य)

(4) 'नर से नारायण' निबन्ध के लेखक बाबू गुलाबराय हैं। (सत्य/असत्य)

(5) 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ बहुत प्यारा लगना है। (सत्य/असत्य)

प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइये:

| | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| (1) | शौर्य गाथा | (1) एकांकी |
| (2) | बीमार का इलाज | (2) कविता |
| (3) | मेरे सपनों का भारत | (3) लोक कथा |
| (4) | हंसिनी की भविष्यवाणी | (4) निबन्ध |
| (5) | तीन बच्चे | (5) कहानी |
| | | (6) नाटक |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए:

(1) त्राहि-त्राहि क्यों मची हुई थी?

(2) वे शब्दांश जो किसी शब्द के पूर्व में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं वे क्या कहलाते हैं?

(3) 'माँ' में पृथ्वी तत्व का कौनसा गुण निहित है?

(4) कवि ने सज्जनों के प्रेम की क्या विशेषता बताई है?

(5) अतीत में भारत के दो महान् विश्वविद्यालय कौन-कौन से थे?

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिये।

प्रश्न 6. छत्रसाल की तलवार को प्रलयंकारी सूर्य के समान क्यों कहा गया है?

(अथवा) यशोदा ने देवकी को क्या संदेश दिया?

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिए।

प्रश्न 7. “सबल के बल का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(अथवा) लोगों की सिरचन के प्रति क्या धारणा थी? स्पष्ट कीजिये।

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिए।

प्रश्न 8. कवि ने समुद्र के जल की अपेक्षा कुएँ के जल की प्रशंसा क्यों की है?

(अथवा) कवि 'जागो फिर एक बार' कविता में क्या उद्‌बोधन देता है? स्पष्ट कीजिये!

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिए।
प्रश्न 9. आर्यभट्ट की क्या देन है?
(अथवा) हंसिनी ने राज-काज प्रजा को सौंपने की क्या योजना बनायी?

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिए।
प्रश्न 10. कवि माँ के किन गुणों को अपनी स्मृतियों में बसाने की प्रेरणा देता है?
(अथवा) यशोधरा ने यह क्यों कहा कि "हाय विभूति रमाने का भी मैंने योग न पाया।"

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिए।
प्रश्न 11. कस्तूरबा को तेजस्वी महिला क्यों कहा गया है? (अथवा) हिमालय की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

नोट- 60 शब्दों में उत्तर लिखिए।
प्रश्न 12. हिन्दी के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिये।
(अथवा) भारतेन्दु युग की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखते हुये दो निबन्धकारों के नाम लिखिये। http://www.mpboardonline.com

नोट- दो वाक्यों पर 2 अंक दीजिये।
प्रश्न 13. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए (कोई दो):
(क) आप यह कम्बल पहन लें। (ख) दुष्टों के भय से डरो मत।
(ग) मैं नया पोशाक पहनूँगा।
नोट- दो मुहावरों पर 2 अंक (वाक्य प्रयोग सहित)
(ब) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए (कोई- दोः)
(क) कसौटी पर कसना। (ख) दाँत काटी रोटी। (ग) फूला न समाना।
(अथवा) (अ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का अलग-अलग अर्थों में प्रयोग करते हुये वाक्य बनाइये। (कोई दो):
(क) कर्म-काम (ख) गृह-घर (ग) धाम-धान (ब) निर्देशानुसार वाक्य बदलिये। (कोई दो):
(क) अशोक राजनगर में रहता है। (प्रश्नवाचक वाक्य)
(ख) कठोर बनकर भी सहृदय रहो। (संयुक्त वाक्य)
(ग) शीला रोज पढ़ने जाती है। (निषेधात्मक वाक्य)

प्रश्न 14. सही पर्यायवाची शब्द लिखिए (कोई दो):

(अ) समुद्र,अग्नि,सर्प, पर्वत।

(ब) विरूद्धार्थी शब्द लिखिए (कोई दो):

उत्साह, उपयुक्त, आदर, यश।

(अथवा) (अ) उचित विराम-चिन्हों का प्रयोग कीजिए:

मंत्री को फिक्र हुई अब कौन राज काज संभाले कौन राजा बने ऐसा चतुर आदमी कहाँ मिले कैसे मिले मंत्री को कुछ सूझ नहीं रहा था क्या करें रांजा का चुनाव साधारण काम तो नहीं राजभर की जनता के हित अनहित का सवाल था।

(ब) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कर नाम लिखिए:

(1) नीलगगन (2) राजसिंहासन (3) सुख-दुःख

प्रश्न 15. (अ) समास किसे कहते हैं?

निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए (कोई दो):

घृत,निद्रा, पर्ण, हस्त।

(अथवा)

(अ) लोकोक्ति और मुहावरे में अन्तर बताइए। (कोई दो)

(ब) भाव पल्लवन कीजिए:

विद्या से विनम्रता आती है।

प्रश्न 16. नालंदा विश्वविद्यालय में किन-किन विषयों की शिक्षा दी जाती थी यह बताते।

हुए उस विश्वविद्यालय की महिमा का वर्णन कीजिए।

(अथवा) “स्वतंत्रता के पूर्व भी भारतीयों ने विश्वस्तरीय उपलब्धियाँ प्राप्त की थीं।"

उदाहरण देकर अपनी सहमति व्यक्त कीजिए। (75 शब्दों में उत्तर दीजिए)